कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला भीलवाडा (राज.)

क्रमांकः–प–6–क ( ) भील / अप / 20 / स्पेशल–03 दिनांकः–09.02.2021

महानिरीक्षक पुलिस,

अजमेर रेंज, अजमेर।

विषयः–परिवाद द्वारा श्री ज्ञानेश कुमार के सम्बन्ध में।

प्रसंगः–सीएम हैल्प लाईन की आईडी न0 02210679385597 के संदर्भ में।

महोदय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में निवेदन है कि परिवादी श्री ज्ञानेश कुमार का परिवाद दिनांक 31.01.2021 को प्रमुख समाचार पत्र दैनिक भास्कर जयपुर संस्क्रण में प्रकाशित खबर शीर्षक भीलवाडा में जहां 2 दिन पहले शराब से 4 मौते वहां अभी भी धधक रही भट्टीया, बच्चे बेचे रहे है। परिवाद में अंकित तथ्यों की रिपोर्ट वृताधिकारी वृत माण्डलगढ जिला भीलवाडा से प्राप्त की गई।

प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 29.01.2021 को ग्राम सारण का खेडा थाना माण्डलगढ जिला भीलवाडा में जहरीली शराब दुखांति से 4 लोगो की मौत हो गई थी। जिसके बाद से पुलिस एवं आबकारी दल एवं प्रशासन द्वारा सयुक्तर अभियान चलाकर अवैध हथकड शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन के विरुद्ध निरन्तर अवैध हथकड शराब के स्थानों को चिन्हित किया जाकर दबिश दी जा रही है एवं अवैध वॉश एवं भट्टीयों को नष्ट किया जा रहा है। एवं अवैध हथकड शराब में लिप्ती लोगो को गिरफ्तार किया जाकर एक्सोईज एक्ट में मुकदमा दर्ज किया जाकर अग्रीम कार्यावाही कि जा रही है। एवं निरन्तर सत्तत निगरानी रखी जा रही है अवैध हथकड शराब में लिप्त लोगो के विरुद्ध ठोस कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

अतः जांच रिपोर्ट अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय,

जिला पुलिस अधीक्षक
भीलवाडा ।